राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने संगीत नाटक अकादमी अवार्ड का राष्ट्रीय सम्मान मिलने पर श्री ब्रजकिशोर दूबे को बधाई दी

पटना, 27 मई 2017

राज्यपाल श्री राम नाथ कोविन्द ने राज्य के चर्चित लोकगायक श्री ब्रजकिशोर दूबे को प्रतिष्ठित संगीत नाटक अकादमी अवार्ड दिये जाने की घोषणा पर प्रसन्न्ता व्यक्त करते हुए श्री दूबे को हार्दिक बधाई दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि बिहार के लोकगीत एवं संगीत को प्रतिष्ठा दिलाने में श्री दूबे की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा है कि लगभग तीन दशक के पश्चात्, स्वर–कोकिला स्व॰ विध्यवासिनी देवी के बाद श्री ब्रजकिशोर दूबे को यह सम्मान मिलने से बिहार गौरवान्वित हुआ है।

राज्यपाल ने बिहार के निर्मली निवासी और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के पूर्व निदेशक श्री रामगोपाल बजाज को संगीत नाटक अकादमी द्वारा 'अकादमी–रत्न' के रूप में मनोनित किये जाने पर भी उन्हें हार्दिक बधाई दी है।

....